आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 02.04.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री सभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। लेकिन जब भाजपा CAA के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है, लोगों की कमाई नौकरी के अवसर बढ़ेंगे और गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी।

उधर, बिहार की मुजफ्फरपुर सीट से भाजपा सांसद अजय निषाद पार्टी से इस्तीफा देकर आज कांग्रेस में शामिल हो गए ।उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके साथ छल किया है.

चुनाव तैयारी- प्रदेश

प्रदेश में चुनाव तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है. मतदान प्रक्रिया से जुड़े अधिकारीयों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. उज्जैन में 13 मई को होने वाले चुनाव में जिले में 9 हजार 225 अधिकारी कर्मचारी मतदान कराएंगे। मतदान दल को 4 अप्रैल से माधव साइंस कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुना जिले में नगर पालिका परिषद राघौगढ़ विजयपुर में स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं आजीविका मिशन द्वारा भारत के मानचित्र की रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए आम लोगों को जागरूक किया गया।

टीकमगढ जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जतारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बजीतपुरा में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

आगरमालवा जिले के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया.

भोज शाला सर्वे

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का सर्वे आज 12वें दिन भी जारी है। एएसआई के 20 अधिकारियों और 34 मजदूरों ने आज सुबह करीब पौने आठ बजे भोजशाला में प्रवेश किया। टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा की दृष्टि से भोजशाला परिसर के आसपास पुलिस बल तैनात किया हुआ है।

मुरैना रेल पुल दुर्घटना

मुरैना जिले के जौरा क्षेत्र में क्वारी नदी पर बना रेलवे का नैरोगेज लाइन पुल आज अचानक ढह गया। इससे पुल को हटा रहे 7 मजदूर घायल हो गए। घायलों को जौरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांच को गंभीर हालत में मुरैना के जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना कैलारस थाना क्षेत्र के सिकरोदा गांव के पास की है।

प्रधानमंत्री सभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। लेकिन जब भाजपा CAA के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है, लोगों की कमाई नौकरी के अवसर बढ़ेंगे और गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी।

उधर, बिहार की मुजफ्फरपुर सीट से भाजपा सांसद अजय निषाद पार्टी से इस्तीफा देकर आज कांग्रेस में शामिल हो गए ।उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके साथ छल किया है.

चुनाव तैयारी- प्रदेश

प्रदेश में चुनाव तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है. मतदान प्रक्रिया से जुड़े अधिकारीयों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. उज्जैन में 13 मई को होने वाले चुनाव में जिले में 9 हजार 225 अधिकारी कर्मचारी मतदान कराएंगे। मतदान दल को 4 अप्रैल से माधव साइंस कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुना जिले में नगर पालिका परिषद राघौगढ़ विजयपुर में स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं आजीविका मिशन द्वारा भारत के मानचित्र की रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए आम लोगों को जागरूक किया गया।

टीकमगढ जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जतारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बजीतपुरा में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

आगरमालवा जिले के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया.

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आज बड़वानी जिले में भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमो में हिस्सा ले रहे हैं ।

2. छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार नकुल नाथ की पत्नी प्रिया नाथ ने आज चुनाव प्रचार किया।

3. शिवपुरी जिले के औद्योगिक क्षेत्र करैरा में उद्योग लगाने के लिए 40 प्लॉट आवंटित किए गए थे लेकिन इनमें से 8 आवंटियों के द्वारा उद्योग स्थापना में कोई रुचि न लिए जाने के कारण इनके प्लॉट आवंटन निरस्त कर दिए गए हैं।